हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EPCH
EXPORT PROMOTION
COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# प्रेस विज्ञप्ति

## फ्रांस के पेरिस में आयोजित मैसन ऐंड ऑब्जेट 2024 में इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स - मैजिक ऑफ गिफ्टेड हैंड्स'- थीम पर आधारित ईपीसीएच का पवेलियन

**नई दिल्ली- 06 सितंबर, 2024**- फ्रांस के पेरिस में 05-09 सितंबर, 2024 तक आयोजित मैसन ऐंड ऑब्जेट में ईपीसीएच ने "इंडियन हैंडीक्राफ्ट्स - मैजिक ऑफ गिफ्टेड हैंड्स" के नाम से थीमैटिक पवेलियन का उद्घाटन किया। ईपीसीएच के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन श्री नवीन कुमार आर्थिक एवं वाणिज्य सलाहकार; सुश्री स्वाति शर्मा, द्वितीय सचिव (वाणिज्य), भारतीय दूतावास, पेरिस, फ्रांस; ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद; ईपीसीएच सीओए सदस्य श्री राजेश जैन, सदस्य प्रदर्शकों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया। इस मौके पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया, "यह भारत के लिए विश्व प्रसिद्ध डिजाइन उन्मुख मेले में भारतीय हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने और भारत को हस्तशिल्प उत्पादों के लिए एक सोर्सिंग गंतव्य के रूप में विकसित करने का एक बड़ा अवसर है।"

आर्थिक एवं वाणिज्यिक सलाहकार श्री नवीन कुमार ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही सदस्य प्रतिभागियों से भी बातचीत की तथा भविष्य में बिजनेस के प्रचार में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

ईपीसीएच अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा कि मैसन ऐंड ऑब्जेट 2024 अंतरराष्ट्रीय डिजाइन, होम डेकोर और लाइफस्टाइल समुदाय को एक छत के नीचे लाता रहा है। मैसन ऐंड ऑब्जेट, समकालीन लाइफस्टाइल के बहुसांस्कृतिक मेल, मीटिंग और लेनदेन की जगह होने के नाते दुनिया भर से प्रदर्शकों और आगंतुकों को आमंत्रित करता है और उच्च गुणवत्ता वाले अंतरराष्ट्रीय उत्पाद रेंज को प्रदर्शित करता है। यह उत्कृष्टता और नवाचार का एक व्यापक दृश्य प्रस्तुत करता है, जो सर्वोत्तम रचनात्मकता को साझा करने में मदद करता है।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने कहा कि इस संस्करण में ईपीसीएच के 6 सदस्य निर्यातक ईपीसीएच इंडिया पैवेलियन के तहत भाग ले रहे हैं, जो होम डेकोर, गिफ्ट, मोमबत्तियां, धूपबत्ती, घरेलू सजावटी उत्पाद, फूलदान, आर्मचेयर, साइड टेबल, बाथ एक्सेसरीज, ट्रे और पर्यावरण अनुकूल उत्पाद आदि प्रदर्शित कर रहे हैं।

भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच 5 मास्टर शिल्पकारों/कारीगरों के जरिए भारतीय पारंपरिक शिल्प के लाइव प्रदर्शन के साथ ही थीप पर आधारित प्रदर्शन भी कर रहा है। इसके लिए हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय ने आंध्र प्रदेश से कलमकारी पेंटिंग, जम्मू-कश्मीर से पश्मीना कानी शॉल बुनाई, राजस्थान से थेवा कला, ओडिशा से पत्थर पर नक्काशी और कर्नाटक से मैसूर रोजवुड इनले के 5 मास्टर शिल्पकारों को नियुक्त किया है।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने विस्तार से बताया कि, "मैसन ऐंड ऑब्जेट पेरिस" को पिछले 25 वर्षों से डिजाइनर दुनिया का प्रवेश द्वार माना जाता है। मेसन ऐंड ऑब्जेट फेयर जीवन जीने की कला के समृद्ध और विविध रूपों में काम करने वाले पेशेवरों के लिए एक प्रमुख आयोजन है। मेले में 88 देशों से 45,000 से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। इस मेले में भारत की भागीदारी से इसकी व्यावसायिकता और विविधता बढ़ेगी, साथ ही यह वैश्विक उत्पादकों, खुदरा विक्रेताओं और ब्रांडों को भारतीय वस्त्र और होम फर्निशिंग उपभोक्ता उत्पाद उद्योग की शक्तिशाली उद्यमिता से परिचित कराएगा, जिससे भारत से सोर्सिंग के अवसर खुलेंगे।

ईपीसीएच दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि पेश करने के लिए एक नोडल एजेंसी है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री. आर. के. वर्मा ने बताया कि साल 2023-24 के दौरान हस्तशिल्प निर्यात 32,759 करोड़ रुपये (3,956 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का हुआ है और इसमें पिछले वर्ष की तुलना में रुपये के संदर्भ में इसमें 9.13% जबकि डॉलर के संदर्भ में 6.11% की वृद्धि दर्ज हुई है। वहीं वर्ष 2023-24 के दौरान फ्रांस को हस्तशिल्प वस्तुओं का निर्यात 1048.92 करोड़ रुपये (126.68 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का किया गया है।

---

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
श्री आर.के.वर्मा, कार्यकारी निदेशक- ईपीसीएच- +91-9810697868

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

# Press Release

## "INDIAN HANDICRAFTS – MAGIC OF GIFTED HANDS" - EPCH THEMATIC PAVILLION AT MAISON & OBJET 2024 AT PARIS, FRANCE

**New Delhi – 06th September'2024** - The Maison & Objet 2024 got underway from 05-09 September, 2024 at Paris, France with EPCH Thematic Pavillion namely "Indian Handicrafts – Magic of Gifted Hands". The EPCH India Pavilion was inaugurated by Mr. Naveen Kumar, Counsellor (Economic & Commercial), along with Ms. Swati Sharma, Second Secretary (Commerce), Embassy of India, Paris, France; Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH; Mr. Rajesh Jain, Member, COA, EPCH; member exhibitors and other senior officials. It is a great opportunity for India to showcase Indian handicrafts in the world famous design oriented fair to create India as a sourcing destination for Handicraft Products informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH.

Mr. Naveen Kumar, Counsellor (Economic & Commercial), along with other senior official interacted with member participants and assured all support in future business promotions.

Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH said that Maison & Objet 2024 has been bringing together the international design, home decor and lifestyle community under one roof. Maison & Objet, being multicultural crossroads of contemporary living, places for meetings and exchanges, invites exhibitors and visitors from around the world to showcase a high-quality international product range. It provides a comprehensive overview of the excellence and innovation that help to share the best of creativity.

Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH said in this edition, 6 member exporters of EPCH are participating under EPCH India Pavilion displaying Home Décor, Gifts, Candles, Incenses, Household Products Decorative, Vases, Armchair, Side Tables, Bath Accessories, Trays and Eco-Friendly Products etc. To promote Indian Handicrafts, EPCH has setup Thematic Display with live demonstration of Indian Traditional Crafts by Master Craftspersons / Artisans. The office of Development Commissioner [Handicrafts] has deputed 5 Master Craftsmen of Kalamkari Painting from Andhra Pradesh, Pashmina Kani Shawl Weaving from Jammu & Kashmir, Thewa Art from Rajasthan, Stone Carving from Odisha and Mysore Rosewood Inlay from Karnataka.

Mr. R. K. Verma, Executive Director - EPCH further elaborated, "Maison & Objet Paris" is considered to be the gateway to designer world for last 25 years and major event for professionals working in the art of living in all its rich and varied expressions. More than 45000 visitors are expecting to visit from 88 Countries to fair. India's participation will increase the fair's vibrancy and diversity, as well as familiarise global manufacturers, retailers, and brands with the vibrant entrepreneurship in the Indian textiles and home furnishing consumer products industry, opening up opportunities for sourcing from India.

EPCH is a nodal agency for promoting exports of handicrafts from the Country to various destinations of the world and projecting India's image abroad as reliable supplier of high quality of handicrafts goods & services. The Handicrafts exports during the year 2023-24 was Rs. 32,759 Crores (US $ 3,956 Million) registering a growth of 9.13% in rupee term & 6.11% in dollar terms over the previous year. The exports of handicrafts items to France during the year 2023-24 is Rs. 1048.92 Crores (US $ 126.68 Million) informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868
Encl: Hindi, English version and photos










**Photo 1, 2 & 3**: Mr. Naveen Kumar, Counsellor (Economic & Commercial), alongwith Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH; Mr. Rajesh Jain, Member, COA, EPCH and Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH interacted with members participating and craftpersons in Maison & Objet 2024, Paris, France.




**Photo 4 -** Visitors enquiry at EPCH India Pavilion “Indian Handicrafts – Magic of Gifted Hands” in Maison & Objet 2024, Paris, France.